हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 गुणवत्ता पूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर...



12 मंत्री, सांसद, विधायक भी लड़ सकते हैं जिलाध्यक्ष...



# युवक को दशहरा पसरा में दौड़ा-दौड़ा कर धारदार हथियार से मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री के शाम को रवाना होने के बाद देर रात दंतेश्वरी मंदिर के करीब दशहरा पसरा में युवक की दौड़ा-दौड़ाकर हत्या कर दी गई। वीआईपी प्रवास व दशहरा के चलते पूरे शहर में सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था के बावजूद घटना को अंजाम दिया गया।

- दशहरा पसरा परिसर में ऑटो चालक की धारदार हथियार से हमला
- जान बचाने के लिए भागता रहा युवक

जानकारी के मुताबिक दशहरा पसरा भवन में ऑटो चालक करन बघेल की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। जैसे ही घटना की जानकारी लगी पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है बावजूद अज्ञात हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना 4 अक्टूबर को देर रात की है जब दंतेश्वरी मंदिर से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित बस्तर दशहरा पसरा भवन परिसर में खून से सने एक युवक की ▶▶|शेष पेज 10 पर



### विपक्ष ने कहा- कानून व्यवस्था ध्वस्त, महापौर ने कहा- कांग्रेस के समय क्राइम ज्यादा था

*शहर के मध्य हुए हत्याकांड के बाद एक ओर जहां कांग्रेस ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा समेत बीजेपी सरकार को घेरा है। कांग्रेस प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि शाह के जाते ही सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। उनके कार्यक्रम स्थल से चंद दूरी पर युवक का मर्डर हुआ है। वहीं भाजपा प्रवक्ता और जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय ने कहा कि सरकार अपना काम बहुत मुस्तैदी से कर रही है। मर्डर करने वाले आरोपी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। कांग्रेस की सरकार में क्राइम सबसे ज्यादा था, वहीं भाजपा की सरकार में ग्राफ गिरा है।*

## सांसद ने किया बस्तर लोकोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के उपलक्ष्य में लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला एवं बस्तर लोकोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात कलाकारों सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अयोध्या से पधारी रामलीला मंडली ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का प्रभावशाली ▶▶|शेष पेज 10 पर

- छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



## मसालों के साथ पारंपरिक व्यंजन का स्वाद ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा में 1 से 8 अक्टूबर तक लालबाग में आयोजित स्वदेशी मेला ने स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण आजीविका की अनूठी छटा बिखेर दी हैं। इस मेले में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पादों को प्रदर्शित और विक्रय कर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया है। जिला पंचायत के स्टाल म बस्तर और अन्य जिलों की महिला समूहों द्वारा उत्पादित विविध सामग्रियां ग्राहकों को लुभा रही हैं। इस स्टॉल में हल्दी, मिर्ची, धनिया, तीखुर जैसे शुद्ध मसाले, साथ ही पारंपरिक व्यंजन महुआ लड्डु, इमली चपाती, कुकीज, और मिक्सचर उपलब्ध हैं। उत्पादों की श्रंखला सिर्फ खाद्य सामग्रियों तक सीमित नहीं है। यहां बेलमेटल ▶▶|शेष पेज 10 पर

- महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों ने बिखेरी अनूठी छटा
- स्वदेशी मेला में खाद्य सामान के अलावा हस्तशिल्प के उत्पाद लुभा रहा




## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

.......................................................................................

**प्रति,**

**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

..............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।




**खबर संक्षेप**

## पश्चिम बोरगांव में अज्ञात बुजुर्ग की हुई मौत, लोगों ने किया दाह संस्कार



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम बोरगांव क्षेत्र के जनपद सदस्य विक्की दास और स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता का परिचय दिया है। ग्राम पश्चिम बोरगांव में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मंगलराम उर्फ धनसिंग कोर्राम पिछले 20-25 वर्ष बोरगांव क्षेत्र में रहकर काम करता था,उसका कोई स्थाई ठिकाना नहीं था। बुजुर्ग होने से चलने फिरने में अस्वस्थ था,जिसकी मौत हो गई। उसके परिवार के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली। मृतक के बारे में थाने में जानकारी देने के बाद जनपद सदस्य विक्की दास और स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में पंचनामा बनाया गया। जिसके बाद पुलिस की उपस्थिति में मृत बुजुर्ग का विधि विधान से दाह संस्कार किया गया। यह कार्य कर सभी लोगों ने मानवता का उदाहरण पेश किया है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी भी उपस्थित रहे ।

## सेवा पखावाड़ा में सेजेस करीतगांव में हुए कार्य



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करीतगांव ब्लाक बकावंड में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। प्रत्येक दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता शपथ, रक्तदान, खेल के महत्व पर आधारित प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन दौड़, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं शपथ एवं महात्मा गांधी जयंती का आयोजन किया गया। खराब सड़कों की मरम्मत वॉलिंटियर्स ने किया। विद्यालय की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही, कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ,वाणी हुमने व्यावसायिक शिक्षक, लोकेश निषाद एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे । वॉलिंटियर्स में अजय सेठिया, दिनेश नाग, हेमंत बघेल, कार्तिक बघेल, धर्मदास नाग, उमेश कश्यप, थबीर नाग, सुरेंद्र कश्यप निर्मल भारती शामिल थे।

# मालाकोट और नेवता में सड़क, पुल-पुलिया व सीसी रोड का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

## विधायक लता ने किया 12 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विकास की राह पर कोण्डागांव तेजी से आगे बढ़ रहा है। रविवार को कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 12 करोड़ 52 लाख 88 हजार रुपये की लागत से बनने वाले विकास कायोंर् का भूमि पूजन एवं लोकार्पण विधायक लता उसेंडी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मालाकोट गांव से हुई, जहाँ बड़ेपारा से किबाई बालेंगे तक 4.5 किमी लंबी सड़क और पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह कार्य 667.57 लाख रुपये की लागत से होगा। इसके साथ ही मालाकोट बड़े पारा मंडली से खाले पारा तक 400 मीटर सीसी सड़क का निर्माण 11.25 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया।

इसके बाद नेवता गांव में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहाँ नेवता से जुनापानी तक 4 किमी लंबी सड़क का डामरीकरण कार्य 562.06 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। साथ ही फूलसिंह घर से पूर्व माध्यमिक स्कूल तक 200–200 मीटर की दो सीसी सड़कें, प्रत्येक 6–6 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत की गईं।



### हर गांव तक पहुँचेगी विकास की रोशनी : उसेंडी

इस अविधायक लता उसेंडी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों के सवांर्गीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा सड़क, पुल–पुलिया और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है। मेरा संकल्प है कि कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र का हर गांव विकास की रोशनी से आलोकित होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद अध्यक्ष अनिता कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, नंदलाल राठौर, जितेंद्र सुराना, धन्जू मरकाम, कुलवंत चहल, मीनू कोर्राम, महेंद्र पांडे, प्रकाश तिवारी, राम लाल सलाम, महेंद्र नेताम, गीता नेताम, हीरा मौर्य, रमेश शार्दुल, मिलचंद ठाकुर, खीरचंद दीवान, नंदलाल विश्वकर्मा, गोकुल सेठिया, आसमन नेताम, पुनिदाश, नागेंद्र पांडे, तुलजू पटेल सहित बड़ी संख्या में गायता–पुजारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दशहरा: कोंडागांव जिले के सबसे अनोखे दशहरे में दिखती है आकर्षक झांकियां

# मैनपुर दशहरा में पहुंचा सीएम योगी का डुप्लीकेट, देखने उमड़ी हजारों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम मैनपुर गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिवार को अनोखे अंदाज में दशहरा पर्व मनाया गया, आपको बतादे पुरे देश भर में इस साल 02 अक्टूबर को दशहरा गया था, लेकिन ग्राम मैनपुर में तीन बाद दशहरा मनाया गया। जहां गाड़ियों को बड़े-बड़े झांकी के रूप में रॉकेट, हेलीकाप्टर, डायनासोर, राज हंस, बिच्छू, बतख के बड़े आकर बनाकर सजाया गया था।

पिछले दो वर्ष पीएम मोदी जी का डुप्लीकेट दिखाया गया था वहीं इस वर्ष यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के डुप्लीकेट ने प्रदर्शन किया, जिसे देखने हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी पड़ी। झांकीयों के भव्य रूप से दशहरा मनाने की प्रक्रिया 20 साल पहले से शुरू हुई है जो निरंतर अभी भी चली आ रही है। रामलीला मंचन के बाद शाम लगभग 5:30 बजे रावण के पुतले का दहन किया गया।



### दर्शकों को दिखाई देती है नई झलक

ग्राम पंचायत मैनपुर दशहरा समिति के पुराने सदस्य सुकलू राम साहू ने बताया इस तरह दशहरा मनाने का शिलशीला 20 साल पहले शुरू हुआ, जिसके वह पहले कलाकार थे जिन्होंने नवाचार करते हुए झांकी के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया करते थे धीरे-धीरे अब ग्राम पंचायत मैनपुर दशहरा समिति के युवा सदस्य नई सोच के साथ अलग अलग झांकी तैयार करते है, हर साल कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए समिति के सदस्य 10-12 दिन पहले से झांकी प्रदर्शन की तैयारियो में जुट जाते है. दर्शकों को हर बार कुछ नया देखने मिले उसके लिए झांकी तैयार किए जाते है. दर्शकों को हर साल झांकियों की झलक देखने को मिलता है।



### दूसरे जिलों से भी पहुंचते है दर्शक

दूसरे जिले से दशहरा देखने आई दर्शक हेमलता यादव ने बताया वह मैनपुर दशहरा देखने पिछले तीन वर्षो से आ रही है. उन्होंने कहा दशहरा का पर्व सभी जगहों पर मनाया जाता है, लेकिन यहां अनोखे और आकर्षक तरिके से मनाया जाता है जो मन मोह लेता है, मैनपुर दशहरा देखने के लिए मन व्याकुल रहता है क्योंकि हर बार यहां कुछ नया देखने को मिलता है, इस बार वह अपने साथ अपने परिचितो को लेकर आई है. एक बार जो इस दशहरा को देख लेगा उसका मन बार बार आने को होगा।

### 3 किमी तक लगा जाम यातायात रहा बाधित

मैनपुर के अनोखे दशहरा को देखने आये हजारों की संख्या में दर्शकों से ट्रैफिक जाम हो गया था, दशहरा स्थल पहुंचने के लिए दर्शकों को लगभग 3किमी रास्ते में जाम में फस कर जाना पड़ा तब जा कर दशहरा स्थल पहुंचने, कई लोग तो अपनी दुपहिया और चार पहिया वाहनों को 2 - 3 किमी पहले ही पार्किंग कर आना पड़ा. कई दर्शकों ने तो ज्यादा दुरी तय कर दूसरे रास्ते से दशहरा स्थल पहुचे, रावण के पुतले के दहन के बाद लोगों को घर वापसी के दौरान भी जाम का सामना करना पड़ा. वहीं बेनूर थाना पुलिस यातायात व्यवस्था बहाल करने में मशक्कत करनी पड़ी. दोपहर से लेकर देर शाम तक पुलिस ने मोर्चा संभाल रखा था।.

# एसडीएम ने लिया छात्रवास अन्य संस्थाओं का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ कलेक्टर के निर्देश पर निर्माण कार्यों का हुआ निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा समय सीमा की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार जिले में निर्माण कायोंर् और आश्रम–छात्रवासों का निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया गया है। निर्देशानुसार एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव–निर्मित प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास होनहेड का निरीक्षण किया। जांच के दौरान भवन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। एसडीएम ने मौके पर ही निर्माण एजेंसी और ठेकेदार को तत्काल सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पीएचसी, जल जीवन मिशन कार्यों और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति भी देखी। नए आंगनबाड़ी केंद्र में दरवाजा और टंकी का काम अधूरा पाया गया। इस पर एसडीएम ने अधिकारियों को बुधवार तक कार्य पूर्ण करने और बच्चों को नए भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकांक्षा नायक ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद सदस्य ने दोस्तों के साथ मिल किया एनएच की खराब सड़कों की मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

■ दुर्घटनाओं में कमी लाने किया एक छोटा सा प्रयास : विक्की

ब्लॉक के बोरगांव क्षेत्र से जनपद सदस्य एवं कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विक्की दास ने नेशनल हाइवे में बने बड़े-बड़े गड्डों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए रविवार को 11 बजे स्वयं कमान संभालते हुए युवा साथियों के साथ सीमेंट गिट्टी का मसाला बनाकर बोरगांव पुल के पास सड़क में हुए गड्ढों को भरकर मरम्मत की। इसी गड्ढे के चलते कई सड़क हादसे हो चुके हैं। चर्चा मे जनपद सदस्य विक्की दास ने बताया की जनता ने हमें चुना है। हम केवल शासन से आये कार्यों के संचालन के लिए ही नहीं बल्कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए बने हैं। आये दिन सड़क दुर्घटना की खबरें मिलती रहती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। हम तो एक जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। हम चाहते हैं नेशनल हाइवे मे जो गड्ढे बने हैं उन्हें सुधारा जाये ताकि भविष्य में दुर्घटनाएं घटित न हो। जनसेवा के इस कार्य में जनपद सदस्य विक्की दास, दुर्लभ बैरागी, विवेक सिकदर, दिलेश हलदार, मानकू मंडवी, राजा कुंडू के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल को बेचा गया: बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- गृह मंत्री जनता के सामने सरकार की झूठी तारीफ कर चले गए

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को प्रेसवार्ता में कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जनता के सामने सरकार की झूठी तारीफ कर चले गए। अमित शाह ने कहा साय सरकार में शिक्षा पर बड़ा काम हुआ है तो फिर युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10 हजार से अधिक स्कूल कैसे बंद हो गये। एनएमडीसी के सीएसआर फंड के पैसे से बने सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल को हैदराबाद की निजी कंपनी को बेच दिया गया । जहां गरीबों का इलाज होना था, वहां अब व्यापार होगा। उन्होंने कहा, शाह बस्तर ओलंपिक की बात कर रहे थे जिसमें 1400 का ट्रैक सूट 2500 रुपए में खरीदा गया, इस पर कुछ नहीं बोले। एक लाख की टीवी 10 लाख में खरीदी गई। 60 हजार की रोटी मशीन 8 लाख में खरीदी गयी। 100 की चप्पल 1200 रुपए में खरीदा गया इस पर अमित शाह चुप थे। दीपक बैज ने कहा बस्तर की जनता की तरफ से हमने 8 सवाल पूछे थे, लेकिन अमित शाह ने उनका जवाब नहीं दिया। इस दौरान संगठन सृजन प्रभारी सप्तगिरि उल्का,सहप्रभारी डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम,नोबेल वर्मा,प्रेमचंद जायसी, जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य व प्रेमशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचन्द जैन,पीसीसी सयुंक्त सचिव उमाशंकर शुक्ला,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, प्रवक्ता जावेद खान व अन्य मौजूद थे।




### फर्जी एनकाउंटर बंद करने की गारंटी देंगे

बैज ने कहा कि शाह इस बात की गारंटी देंगे कि बस्तरवासियों की मंशा के खिलाफ बस्तर में उद्योगपतियों की एंट्री नहीं होगी। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर क्यों नहीं आ रहा। केंद्र नंदराज पर्वत की लीज रद्द क्यों नहीं कर रहा। नगरनार इस्पात संयंत्र नहीं बिकेगा क्या इसकी गारंटी देंगे। बस्तर में आदिवासियों का फर्जी एनकाउंटर अब नहीं होगा इसकी गारंटी देंगे।

## पेज 9 के शेष

**युवक को दशहरा...**

लाश मिली। प्रथम दृष्टिया पुलिस इसे हत्या बता रही है। घटनास्थल के मुआयना से इस बात का पता लगा कि युवक अपनी जान बचाने के लिए पूरे परिसर में दौड़ता रहा। जिसके चलते पूरे परिसर में खून से सने पैरों के धब्बे मौजूद हैं।

**अज्ञात हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम-** अज्ञात हमलावरों ने युवक को दौड़ा-दौड़ा कर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी करन बघेल 24 वर्ष के रूप में की गई है जो की एक ऑटो चालक था। इधर अज्ञात आरोपियों का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं चाकचौबंद पुलिस व्यवस्था के बीच हुए हत्या की वारदात से पूरे शहर में दहशत का माहौल है।

**पुलिस को सुबह मिली सूचना-** कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि रविवार 5 अक्टूबर की सुबह सूचना मिली की खून से सने एक युवक की लाश दशहरा पसरा भवन के परिसर में मिली है। इसके बाद कोतवाली पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल का मुआयना कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाने में लगी है। घटनास्थल में जमीन और आसपास की कई जगहों पर खून के धब्बे मिले हैं। टीआई ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता लगा है कि करन बघेल की मौत किसी धारदार और घातक हथियार के वार से हुई है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर सीसीटीवी फूटेज खंगालते हुए अज्ञात आरोपियों के पतासाजी कर रही है।

**सांसद ने किया...**

मंचन कर दर्शकों को भक्ति और अध्यात्म के भाव से अभिभूत कर दिया। बस्तर लोकोत्सव के अंतर्गत 4 से 7 अक्टूबर तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में लोकप्रिय कलाकार रुपाली जग्गा, उदय मलिक, अभिजीत सावंत, पवनदीप, चेतना भारद्वाज, तथा सक्षम कलेक्टिव बैंड (दंतेवाड़ा) सहित स्कूली छात्र-छात्राएँ भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

**सांस्कृतिक विरासत,परंपरा और लोककला हमारी पहचान-** इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत,परंपराएँ और लोककला हमारी पहचान हैं। बस्तर रामायण काल में दण्डकारण्य क्षेत्र कहलाता था। इसी दंडक वन में प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के दौरान निवास किया और रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए लंका की ओर इसी मार्ग से अग्रसर हुए।

**नई पीढ़ी तक पहुंचने का अवसर-** सांसद भोजराज नाग ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी मेला और बस्तर लोकोत्सव के माध्यम से हमें अपनी लोकसंस्कृति,हस्तशिल्प और जनजातीय परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अवसर मिलता है। यह आयोजन बस्तर अंचल की सांस्कृतिक आत्मा को जीवंत रखता है।

**मसालों के साथ...**

की उत्कृष्ट कलाकृतियां, काष्ठकला के नमूने और पारंपरिक वेशभूषा एवं सूती वस्त्र के परिधान भी प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अलावा बांस के समान, सीसल और जूट से बने आकर्षक उत्पाद हस्तनिर्मित ज्वैलरी तथा घर की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए साबुन, सर्फ, फिनाइल और सेनेटरी पैड जैसे उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। लोकल फॉर वोकल की भावना को बल देते हुए ग्रामीण महिलाओं के उद्यमशीलता के हुनर को एक बड़ा मंच मिला है।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से जुड़ेगा ग्रामीण अंचल

# गांव और शहर के बीच की दूरी होगी कम: उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के ग्रामीण अंचलों को जिला मुख्यालय से जोड़ने और आम नागरिकों को सुलभ यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ कोंडागांव के पुराने बस स्टैंड से किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पहली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार को जगदलपुर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्यव्यापी इस योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए गांव से शहर तक आमजन को आने–जाने में सुविधा होगी।



### कोण्डागांव से विश्रामपुरी तक पहली बस सेवा

योजना के तहत जिले में पहली बस सेवा सुंदर ट्रेवल्स द्वारा प्रारंभ की गई है। सुबह 7 बजे बस विश्रामपुरी से कोंडागांव के लिए रवाना होगी। वापसी में सुबह 10 बजे कोंडागांव से विश्रामपुरी जाएगी। इस प्रकार प्रतिदिन दो फेरे लगाए जाएंगे, जिससे सीमित परिवहन सुविधा वाले गांव सीधे जुड़ जाएंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि अगले चरण में माकड़ी के क्षमतापुर से कोंडागांव तक बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। इससे दूरस्थ अंचलों के हजारों ग्रामीणों को सीधी परिवहन सुविधा मिलेगी और जिला मुख्यालय तक उनकी पहुंच और आसान होगी।

### छत्तीसगढ़ में विकास को मिल रही गति

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास को नई गति मिल रही है। ग्रामीण बस योजना इसका जीवंत उदाहरण है, जिससे गांव और शहर के बीच की दूरी कम होगी और लोगों का जीवन आसान बनेगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षद मनोज जैन, हर्षवीर सिंह ढिल्लन, सोनामणि पोयाम, अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व अजय उरांव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और बस संचालक दिनेश कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

# नशे में ग्रामसभा पहुंचने वाला पुसावंड का सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

ग्राम पंचायत पुसावण्ड के सचिव ललित सेठिया को शासकीय कार्यों में लापरवाही और ग्रामसभा में नशापान कर उपस्थित होने के आरोप में जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पुसावण्ड में आयोजित ग्रामसभा में सरपंच, पंच, नोडल अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामवासियों द्वारा जानकारी मांगने पर सचिव ललित सेठिया सही उत्तर देने में असमर्थ पाए गए। शंका होने पर उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक की मेडिकल रिपोर्ट में नशापान की पुष्टि हुई। जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेशानुसार, ललित सेठिया का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत गंभीर लापरवाही माना गया। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय कोण्डागांव में पदस्थ किया गया है। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत पुसावण्ड का अतिरिक्त प्रभार नवल नेताम, सचिव ग्राम पंचायत बोलबोला को सौंपा गया है। ग्रामवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि पंचायत सचिवों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी चाहिए।

बस्तर दशहरा पर्व-2025 के शुभ अवसर पर
कोसा एण्ड कॉटन हाथकरघा वस्त्र
आमंत्रण
प्रदर्शनी सह विक्रय
प्रवेश निःशुल्क
20% छूट
दिनांक : 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर - 2025 तक
समय : प्रातः 11.00 से रात्रि 10:00 तक
स्थान - लालबाग ग्राउण्ड, जगदलपुर, स्वदेशी मेला
स्टॉल नं 17 से 26
मुख्य आकर्षण- महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
सिल्क एण्ड कॉटन के आकर्षक हैण्डलूम आईटम
■ उत्कृष्ठ कलात्मक कोसा साड़ियां
■ कोसा मलमल,कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, सूती साड़ियां, दुपट्टा, शर्टिंग, बेडशीट
■ पीलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, कुर्ता-पायजामा, गमछा
■ नेहरू जैकट, दरी एवं और भी बहुत कुछ..
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, जगदलपुर

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


## 15 वर्षों से आपकी सेवा में


प्रतिक्षा कक्ष





प्रतिक्षा कक्ष


परामर्श कक्ष


पूजा स्थान



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### गढ़िया के पंचायत भवन में मनाई गई गांधी जयंती



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया के पंचायत भवन में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पुष्पांजलि के साथ महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि बापू का व्यक्तित्व कृतित्व अनुकरणीय है। इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप,पंच निरंजन बघेल, रोजगार सहायक तनूराम, चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य एवं युवाओं ने किया श्रमदान



**बस्तर।** जनपद पंचायत बस्तर के जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुदालगांव के आश्रित ग्राम गुच्छागुड़ा में स्वच्छता एवं सड़क मरम्मत अभियान चलाया गया।
ग्राम के युवाओं ने स्वयं की इच्छा से गांव की गलियों और मुख्य मार्ग की साफ-सफाई एवं सड़क के गड्ढों की मरम्मत कर लेवलिंग कार्य किया। यह श्रमदान अभियान गुच्छागुड़ा चौक से एकतागुड़ा तक संचालित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
इस अवसर पर खीलेंद्र ठाकुर, तुलाराम ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम ठाकुर,देबेन्द्र ठाकुर,बल्लु सहित ग्राम के सभी उत्साही युवा गण उपस्थित रहे।
जनपद सदस्य ने बताया कि इस प्रकार के श्रमदान कार्य से गांव स्वच्छ और सुगम बनता है तथा लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

### महाविद्यालय में मनी गांधी एवं शास्त्री जयंती



**कोंटा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उनके विचारों एवं आदर्शों को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा की भावना ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है। इस अवसर पर उपस्थित जनों को उनके बताये मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. डी. सुरेश बाबु, प्रो. शशिकान्त ध्रुवे, मुकेश कुमार पटेल, मोहनीश बघेल, चांदनी मरकाम एवं रोहिणी चौरे सम्मिलित रहे। जयंती कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा बापू और शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

# गुणवत्ता पूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

## एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में हुआ कौशल दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में शनिवार को कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनिरुद्ध कश्यप, विभागाध्यक्ष प्रशिक्षण सुरक्षा एवं पर्यावरण समिल्लित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ ।

कार्यक्रम में संभी ट्रेड के पासआउट प्रशिक्षुओं को आल इंडिया ट्रेड टेस्ट 2025 में सफलता अर्जित करने पर मुख्य अतिथि के कर कमलो से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संस्था के लिए मुख्य उपलब्धि के रूप में डीजल मैकेनिक ट्रेड के पास आउट छात्र डोगेंद्र ने सीआईटीएस परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर नई दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह में आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जिसे कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों एवं उपस्थित स्टाफ ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से देखा। संस्थान के प्राचार्य कमलेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे प्रशिक्षुओं की उपलब्धियाँ हमारे संस्थान की मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं जिसमे सभी स्टाफ और शिक्षकों का भरपूर योगदान रहता है। डोगेंद्र जैसे छात्र, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आईटीआई भान्सी का नाम रोशन किया जो कि एनएमडीसी एवं इस क्षेत्र के लिए गौरव का विषय हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम हर वर्ष अपने विद्यार्थियों को और बेहतर अवसर उपलब्ध कराएँ तथा उन्हें उद्योग और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता प्रदान करें।

अनिरुद्ध कश्यप ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट आईटीआई भान्सी ने जिस तरह गुणवत्ता पूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, वह गर्व का विषय है। यहां के प्रशिक्षुओं ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल कर यह सिद्ध किया है कि समर्पण और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य संभव है। यह संस्थान युवाओं के लिए प्रेरणादायी है।





### अनुशासन और समर्पण का प्रमाण

संस्था के चेयरमैन एवं परियोजना प्रमुख एनएमडीसी बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स श्रीधर कोडाली ने अपने संदेश में कहा कि एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट आईटीआई भान्सी ने जिस ऊँचाई को हासिल किया है, वह संस्था की गुणवत्ता, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। यहाँ से प्रशिक्षित युवाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में यह संस्थान कौशल विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी संस्थानों में अपनी पहचान और भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन एसएम शेंडे अनुदेशक, डीजल मैकेनिक के द्वारा किया गया तथा मंच संचालन सत्यम कुमार सिंह अनुदेशक, इंजीनियरिंग ड्राइंग के द्वारा संपन्न हुआ ।

## जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने हो रही कवायद

# मंत्री, सांसद, विधायक भी लड़ सकते हैं जिलाध्यक्ष का चुनाव : उल्का

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव में ग्रास रूट में संगठन को मजबूत करने वाले योग्य कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। चाहे वह पूर्व मंत्री,पूर्व सांसद,पूर्व विधायक हो अथवा छोटा कार्यकर्ता ही क्यों न हो। पूर्व में हुए चुनाव में मेंबरशिप को फोकस करते इसी नीति को अपनाई गई थी। चुनाव में कोई भी भाग ले सकता है। वह कांग्रेस विचार धारा का होना आवश्यक हो। यह बात

एआईआइसीसी पर्यवेक्षक व संगठन सृजन प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने पत्रवार्ता में कहीं। रविवार को शहर के एक होटल में उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में जाकर जिला अध्यक्षों के चयन के लिए जमीनी फीडबैक जुटा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए सृजन अभियान की शुरूआत गुजरात से हुई थी। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने वर्ष 2025 को संगठन का वर्ष घोषित किया है। यह निर्णय दिसंबर 2024 में कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में लिया गया था। जिसके तहत संगठन निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

### हर जिला में वरिष्ठ नेताओं को भेज फीडबैक लिया जाएगा

उल्का ने बताया इस अभियान के अंत में पूरी रिपोर्ट कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी। देश में अब युवा नेतृत्व की जरूरत है और इसी को ध्यान में रखते हुए नई लीडरशिप तैयार की जा रही है। वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर हर जिले और ब्लॉक से फीडबैक लिया जा रहा है। जिससे जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि जमीन से जुड़े कार्यकतार्ओं को संगठन से किस तरह जोड़ा जाए इस पर ग्रास रूट लेवल पर प्रयास किया जाएगा।

### संवाद पर निकलेगा निष्कर्ष

संवाद के आधार पर जो निष्कर्ष निकलेंगे,उन्हें नेतृत्व से साझा कर संगठन को नए रूप में सक्रिय किया जाएगा। ताकि आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं का बेहतर तरीके से सामना किया जा सके। इस दौरान सहप्रभारी प्रेमसाय सिंह टेकाम,नोबेल वर्मा,प्रेमचंद जायसी, जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला,वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,जतिन जायसवाल मौजूद रहे।

# माहरा को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मुरिया दरबार में माहरा समुदाय के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर का सौंपा।

ज्ञापन में यह मांग की गई कि माहरा समुदाय को संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 में संशोधन कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाए।

- केंद्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने बताया कि माहरा जनजाति देश की प्राचीन जातियों में से एक है जिसका उल्लेख अंग्रेज शासनकाल की जनगणना रिपोर्टों, जिला गजेटियरों और ऐतिहासिक अभिलेखों में मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति, परंपरा और भौगोलिक स्थिति अन्य अनुसूचित जनजातियों के समान है। बावजूद इसके 1950 के राष्ट्रपति आदेश में हमारी जनजाति को शामिल नहीं किया गया। यह ऐतिहासिक अन्याय अब दूर किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में केंद्र एवं राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि माहरा समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थिति का गंभीरता से अध्ययन कर अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने अनुशंसा की जाए। इस अवसर पर समाज के अनेक प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे । इस दौरान चाचरी बघेल, संजय पंत कश्यप,फूलसिंह कश्यप हकचंद बघेल, गुड्डी मंडावी, कमला दीदी, एस. एन. सिंह चौहान ,सोनसाय नाग, प्रवीण कुमार बघेल, रमेश कश्यप एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पथ संचलन...



**भानपुरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल भानपुरी ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को राजमार्ग 30 में पथ संचलन किया। जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर सभी स्वयंसेवकों का स्वागत किया। हाई स्कूल परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की त्रिवेणी संगम देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र में दशमू राम के द्वारा माल्यार्पण किया गया। जहां मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक अभय राम के द्वारा राष्ट्र निर्माण मे सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए को लेकर उद्बोधन दिया।

## लान टेनिस गर्ल्स अंडर 12 में आद्रिका बनी विजेता



**जगदलपुर।** जेटीए मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन के द्वारा 2 से 5 अक्टूबर तक स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम के लॉन टेनिस कोर्ट में किया जा रहा है। आज खेले गए मुकाबले में गर्ल्स अंडर 12 वर्ग फाइनल मुकाबले में आद्रिका शर्मा ने आनंदिता शुक्ला को 7-2 से हराया। मेंस सिंगल वर्ग में हरदीप गैदू एवं मनीष बड़वानी के बीच क्वार्टर फाइनल का मुकाबला खेला गया,जिसमें मनीष बड़वानी ने हरदीप गैदू को 7-2 से हराया। वहीं इसी वर्ग से दूसरे क्वार्टर फाइनल में कुणाल चालीसगांवकर ने प्रतिद्वंद्वी केएल आजाद को 7-2 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में मयंक पठारिया ने जोगेंद्र पाल सिंह को 7-3 मात दिया। वहीं चालीसगांवकर ने मनीष बड़वानी को 8-3 से हराया। मेंस डबल्स मुकाबले में जोगेंद्र पाल एवं थॉमस फिलिप की जोड़ी ने मुकेश बड़वानी एवं राहुल सिंह की जोड़ी को 8-1 से हराया।

# अपने अहम के कारण विघ्न डालने का प्रयास विफल हुआ : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



दशहरा के विभिन्न परगना के मांझी, मुखिया, पुजारी, चालकी, मेम्बर, पेरमा, परगनिहा सहित दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारियों एवं समाज प्रमुखों ने दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होने के बाद सुकमा जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य कुमार जयदेव से भेंट कर दशहरा पर्व की समीक्षा की। अपने निवास में कुमार जयदेव ने माता दंतेश्वरी की सेवा अर्जी से जुड़े मांझी, पुजारी, चालकी, सिरहा, मुंडाबाजा, समाज प्रमुखों का सम्मान किया।

- समीक्षा में पुजारी एवं मांझियों ने पर्व में सुधार पर बल दिया
- दशहरा का वैभव विश्वस्तर पर ले जाने पर सभी की एक राय

दंतेवाड़ा के प्रधान पुजारी परमेश्वर नाथ जिया ने बताया कि प्रतिवर्ष दशहरा पर्व के विदाई के पूर्व कुमार जयदेव से भेंट करते हैं । उन्होंने वर्तमान दशहरा की व्यवस्था पर नाराजगी जताई और कहा माता की डोली को यहां सम्मान और आदर नहीं मिलता,जिसका दुख है । दंतेवाड़ा से छत्र एवं डोली बड़े सम्मान के साथ लाते है परंतु जिस प्रकार की व्यवस्था यहां होती है वह असहज है। दशहरा समिति एवं दशहरा के आयोजन में शामिल अधिकारियों को समीक्षा करने की दरकार है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर ऐसा प्रयास करना है कि देश विदेश में बस्तर दशहरा की ख्याति और बढ़े बस्तर दशहरा की गरिमा और वैभवता उसका आभामंडल पूरे विश्व में हो।

### स्वार्थ लोगो का प्रयास रहा विघ्न डालने का

दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर के पुजारी प्रेम कुमार पाढ़ी ने बताया कि कुछ लोगों के स्वार्थ के चलते इस वर्ष के बस्तर दशहरा में विघ्न डालने का प्रयास किया गया। परंतु माता की इच्छा के विपरित इस प्रकार के कुत्सित मानसिकता पालने वाले अपने आप विफल हो जाते हैं ।

### दशहरा में प्रशासन की बेहतर व्यवस्था

बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज के संरक्षक एवं सुकमा जमींदार कुमार जयदेव ने बस्तर दशहरा पर प्रशासन की सरहना करते हुए कहा कि प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए थे। कुछ स्वार्थ परक लोगों के अहम और मैं के कारण भले ही रथ परिक्रमा सहित कुछ दशहरा रस्मों में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासन ने बेहतर कार्य किया और सभी कार्य समय पर संपन्न हुए। उन्होंने बस्तर के मूल लोगों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया और कहा कि युवा महिला एवं अन्य स्थानीय समाजों को इसमें विशेष तौर पर जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान बस्तर दशहरा केवल बस्तर जिले तक ही सीमित नजर आ रहा है।

# हाथकरघा के स्टॉल में लोगों की उमड़ रही भीड़

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा लोकोत्सव के अवसर पर चल रहे स्वदेशी मेले में जिला हाथकरघा कार्यालय का भी विभागीय प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन हो रहा है। नोडल अधिकारी एवं प्रदर्शनी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि भारी बारिश के बीच भी हमारे स्टॉल में लोगों की भीड़ उमड़ रही है और खरीदारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति के बुनकरों द्वारा हाथकरघा से निर्मित वस्त्र बेचे जा रहे है जो लोगो को बहुत आकर्षित कर रहे है। यहां राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त कर चुके विभिन्न जिलों से आये हुए बुनकरों द्वारा विक्रय किया जा रहा है जो हमारे लिए भी सम्मान की बात है। स्वदेशी मेले में प्रदर्शनी के लिए जिला हाथकरघा कार्यालय जगदलपुर आयोजक है एवं



ग्रामउद्योग संचालनलय (हाथकरघा) प्रायोजक है। स्टाल की सतत निगरानी उपसंचालक अनिल सोम एवं निरीक्षक रोहित पतरे द्वारा की जा रही है जिससे स्टाल में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। प्रदर्शनी प्रभारी ने 8 अक्टूबर तक चलने वाले प्रदर्शनी में लोगों को आमंत्रण दिया है जिसे विभाग की ओर से 20 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सके।

# आदिवासी महिलाओं को टारगेट कर हो रही हत्याः तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय में भ्रष्टाचार के साथ अब आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। पहले किरन्दुल फिर कुआकोण्डा और अब भांसी के

- कुआकोण्डा, किरन्दुल और अब कुंदेली में महिला से दुष्कर्म कर हत्या
- तुलिका ने कहा जल्द हो गिरफ्तारी वरना होगा एसपी कार्यालय का घेराव

कुंदेली में महिला के साथ अनाचार कर उसे मार कर जंगल में फेंक दिया गया। इस मामले में बयान जारी कर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि बीते तीन महीनों में महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि



सभी महिलाओं के साथ एक ही तरह की घटनाएं हो रही है। पहले महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है फिर उन्हें जान से मार दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि आज जिपं सदस्य तुलिका ने घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी ली साथ ही आसपास के ग्रामीणों से बातचीत भी की।

ग्रामीणों ने बताया कि रोड़ से करीब 50 मीटर दूर महिला की लाश मिली। घटना स्थल के आसपास महिला को घसीटकर ले जाने के निशान है और चुढ़ी के कुछ टुकड़े भी मिले हैं। तुलिका ने बताया कि महिला के साथ एक से ज्यादा लोगों ने अनाचार किया है और महिला के शरीर पर चोट के निशान भी साफ हैं। तुलिका ने घटना स्थल का मुआयना किया साथ ही भांसी थाना पहुंच थाना प्रभारी से मुलाकात भी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं को टारगेट कर उनके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी जा रही है। भाजपा सरकार में जिस तरह से महिलाओं के साथ अनाचार के मामले में बढ़त हुई है वह काफी निदंनीय है। विधायक चैतराम अटामी इन मामलों को संज्ञान में लेना छोड़ हमेशा ऐसी घटनाओं से दूरी बना लेते हैं, जिससे आरोपियों के हौसले और बुलंद हो जाते हैं। बाहर की कंपनियां लगातार जिले में डेरा डाल अपना काम कर रहे हैं। कंपनियों में काम करने आए व्यक्तियों की कोई जानकारी पुलिस के पास नहीं है। तुलिका ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की लचर सुरक्षा व्यवस्था के चलते घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो महिला कांग्रेस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

